# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com


पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/1534/2025 दिनांकः–04 अगस्त, 2025

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के पत्रांक आर0एम0पी0यू0/1347/2025 दिनांक 03 जुलाई, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्र/छात्राओं को तृतीय चरण का छात्रवृत्ति डाटा सत्यापित न होने/सम्प्रति प्रकरण प्रक्रियाधीन होने के कारण छात्र/छात्राओं द्वारा शुल्क जमा करने में आने वाली समस्याओं पर मा0 कार्य परिषद की बैठक दिनांक 30.06.2025 में लिए गये निर्णय के अनुपालन में जिन छात्र/छात्राओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति नहीं हो सकी है उनको शुल्क प्रतिपूर्ति होने तक सत्र 2025–26 में शुल्क जमा करने की दो माह अथवा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति होने तक जो भी पूर्व में हो, छूट प्रदान की जाती है जिसका सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा अनिवार्य रूप से अनुपालन किये जाने हेतु आदेश जारी किया गया था।

प्रवेशार्थी छात्रों द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर अवगत कराया गया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रवेशार्थी छात्रों से शुल्क की मांग की जा रही है। जबकि विश्वविद्यालय उपर्युक्त पत्रांक के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्र/छात्राओं को तृतीय चरण का छात्रवृत्ति डाटा सत्यापित न होने/सम्प्रति प्रकरण प्रक्रियाधीन होने के कारण छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति प्राप्त न होने तक शुल्क जमा करने से छूट प्रदान की गयी है।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक आर0एम0पी0यू0/1347/2025 दिनांक 03 जुलाई, 2025 का विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जाये।

04/08/25
(वी0के0 सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. संकायाध्यक्ष, शैक्षिक।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सम्बद्ध महाविद्यालय को इस अनुरोध के साथ कि छात्रहित में उक्त आदेश का अनुपालन संवेदनशीलता के साथ करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ सम्बद्ध महाविद्यालय की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner